न्यायालय उपखण्ड अधिकारी ,कोलायत
पीठासीन अधिकारी प्रदीप कुमार (आर.ए.एस)

मि.न. 10/2021

1.पूर्णसिह पुत्र श्री उजागरसिह जाति रायसिख निवारी कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद
2.गुरमीतसिह उर्फ भीलसिह पुत्र श्री सुरजनसिह जाति रायरिख निवारी कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ।
3.गुरमुखसिह पुत्र श्री उजागरसिह जाति रायसिख निवासी कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद।

--- प्रार्थीगण

बनाम

1.राजस्थान सरकार ।

--- अप्रार्थी

वकील प्रार्थी : रणजीतसिंह निर्बाण
स्टेट की और से पैरोकार राज उपस्थित

दिनांक :– 26.08.2021

पत्रावली पेश हुई पत्रावली में संक्षेप में तथ्य है कि प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 ऐल0आर0ऐक्ट के तहत दिनांक 18.03.2021 को जरिये अधिवक्ता रणजीतसिह निर्वाण प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि प्रार्थीगण ग्राम कुनाल वर्तमान तहसील अनुसार तहसील रतिया जिला फतेहाबाद के निवासी है तथा प्रार्थीगण संख्या 1 व 3 के नाम से ग्राम गंगापुरा के खेत ख0न0 530/411 में 6.3225 है0 खातेदारी भूमि में 1/2 हिस्से अनुसार भुमि चली आ रही है तथा इसी प्रकार प्रार्थीगण संख्या 2 के नाम से ग्राम गंगापुरा के खेत ख0न0 599/411 में 6.3225 है0 खातेदारी भुमि 1/2हिस्से अनुसार भुमि चली आ रही है तथा प्रार्थीगण 1 व 3 के गॉव का नाम कुनाल है जबकि रिकार्ड राजस्व में प्रार्थीगण के गॉव का नाम कुनाल के स्थान पर भूल वंश फूरमाना कर दिया गया है तथा इसमें प्रार्थीगण संख्या 1 व 3 रिकार्ड दुरूस्ती करवाकर वर्तमान अनुसार चुँकि अब तहसील फतेहाबाद को जिला घोषित कर दिया व तहसील फतेहाबाद को जिला घोषित कर दिया व तहसील फतेहाबाद के स्थान पर तहसील रतिया कर दी गई इसलिए प्रार्थीगण संख्या 1 व 3 अब ग्राम कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद दर्ज रिकार्ड राजस्व करवाकर रिकार्ड दुरूस्ती करवाने के हकादार व अधिकारी है व इसी प्रकार प्रार्थीगण संख्या 2 का वास्तविक नाम गुरमीतसिंह है तथा रिकार्ड राजस्व में भीलसिह दर्ज है तथा गॉव का नाम कुनाल के स्थान पर करनाल कर दिया गया है जिसमें प्रार्थीगण संख्या 2 रिकार्ड दुरूस्ती करवाकर चुंकि तहसील फतेहाबाद को जिला घोषित कर दिया गया है इसलिऐ प्रार्थीगण संख्या 2 तहसील रतिया जिला फतेहाबाद दर्ज रिकार्ड राजस्व करवाकर रिकार्ड दुरूस्ती करवाने का पूर्ण हकदार व अधिकारी है जिसके समर्थन में प्रार्थीगण द्वारा अपना –अपना शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया पत्रावली में प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार प्रार्थीगण संख्या 1 द्वारा तहसीलदार रतिया की रिपोर्ट अनुसार पूर्णसिंह पुत्र उजागरसिंह गॉव कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद होना सही है व प्रार्थी द्वारा अपना आधर कार्ड संख्या 371804072935 प्रस्तुत किया है व पहचान–पत्र, राशनकार्ड ,आयकर विभाग का पेंनकार्ड प्रस्तुत किया है जो शामिल मिसल है व इसी प्रकार प्रार्थीगण संख्या 2 द्वारा भी तहसीलदार रतिया की रिपोर्ट अनुसार गुरमीतसिह पुत्र श्री सुरजनसिह गॉव कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद का निवासी है व प्रार्थीगण संख्या 2 द्वारा बतौर सबूत आधार कार्ड संख्या 732662990189, परिचयपत्र ,राशनकार्ड प्रस्तुत किऐ गये है जो शामिल मिसल है व इसी प्रकार प्रार्थीगण संख्या 3 द्वारा भी रिपोर्ट तहसीलदार रतिया प्रस्तुत की गई है जिस अनुसार गुरमुखसिंह पुत्र उजागरसिंह गॉव कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद होने की तस्दीक की गई है प्रार्थीगण द्वारा बतौर सबूत आधार कार्ड संख्या 5538 7682 7565 ,परिचय–पत्र, राशनकार्ड प्रस्तुत किऐ गये है जो शामिल मिसल है।

उपखण्ड अधिकारी
कोलायत जिला–बीकानेर

पत्रावली में प्रस्तुत रिकार्ड राजस्व अनुसार प्रार्थीगण संख्या 1 व 3 के नाम 1/2 हि0 में ग्राम गंगापुरा के खेत ख0न0 530/411 की 6.3225 है0 भुमि चली आ रही है जिसमें प्रार्थीगण के गॉव का नाम फरमाना दर्ज है व इसी प्रकार प्रार्थीगण संख्या 2 का रिकार्ड राजस्व जमाबन्दी सम्वत् 2075–2078 में 1/2हिस्से में ग्राम गंगापुरा के ख0न0 599/411 की 6.3225 है0 दर्ज है जिसमें प्रार्थीगण संख्या 2 का नाम भीलसिह पुत्र सुरजनसिह करनाल तहसील फतेहाबाद जिला हिसार दर्ज है तथा रिपोर्ट तहसीलदार रतिया अनुसार प्रार्थीगण संख्या 1 व 3 के गॉव का नाम कुनाल के स्थान पर फुरमाना होना पाया जाता है अब गॉव कुनाल की तहसील रतिया जिला फतेहावाद होना पाया जाता है व इसी प्रकार प्रार्थीगण संख्या 2 की भी रिपोर्ट तहसीलदार रतिया अनुसार गुरमीतसिह के स्थान पर भीलसिह व गॉव का नाम कुनाल के स्थान पर करनाल होना पाया जाता है।

अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 ऐल0आर0ऐक्ट स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि तहसीलदार (भू0अ0), कोलायत रिकार्ड राजस्व में दर्ज ग्राम गंगापुरा के खेत ख0न0 530/411 की 6.3225 है0 भुमि में 1/2 हिस्से अनुसार प्रार्थीगण संख्या 1 का नाम पूर्णसिंह पुत्र अजागरसिह जाति रायसिख निवासी फुरमाना तहसील फतेहाबाद जिला सिरसा व प्रार्थीगण संख्या 3 का नाम गुरमुखसिंह पुत्र श्री उजागरसिह जाति रायसिख निवासी फुरमाना तहसील फतेहाबाद जिला सिरसा के स्थान पर पूर्णसिंह पुत्र उजागरसिंह जाति रायसिख निवासी कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद व गुरमुखसिह पुत्र उजागरसिह जाति रायसिख निवासी कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद दर्ज रिकार्ड राजस्व करे व ग्राम गंगापुरा के खेत ख0न0 599/411 की 6.3225 है0 भुमि में 1/2हि0में दर्ज भीलसिंह पुत्र सुरजनसिह जाति रायसिख निवासी करनाल तहसील फतेहाबाद जिला हिसार के स्थन पर गुरमीतसिह पुत्र सुरजनसिह जाति रायसिख निवासी कुनाल तहसील रतिया जिला फतेहाबाद दर्ज रिकार्ड राजस्व कर रिकार्ड दुरूस्ती करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

(प्रदीपकुमार)
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
कोलायत जिला–बीकानेर
कोलायत